भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2583
(09 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमएवाई के अंतर्गत केरल को जारी निधियां

2583. श्री बैन्नी बेहननः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंतर्गत केरल सरकार को कितनी निधियां जारी की गई हैं;
(ख) राज्य में इस योजना के अंतर्गत शामिल किए गए जिलों के नाम क्या हैं; और
(ग) इस योजना के अंतर्गत केरल के एर्नाकुलम जिले में निर्मित घरों/निर्माण किए जाने वाले घरों की संख्या कितनी है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): देश के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2022 तक "सभी के लिए आवास" के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने पूर्ववर्ती ग्रामीण आवास योजना इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) में पुनर्गठित किया है। पीएमएवाई-जी को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 01.04.2016 से क्रियान्वित किया जा रहा है। देश के शहरी क्षेत्रों में आवासन तथा शहरी कार्य मंत्रालय 25.06.2015 से प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है। वर्ष 2014-15, 2015-16, 2016-17, 2017-18 एवं 2018-19 के दौरान केरल राज्य को ग्रामीण आवास योजनाओं (आईएवाई एवं पीएमएवाई-जी) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत रिलीज की गई निधियां निम्नानुसार हैं-

वर्ष	पीएमएवाई-जी/आईएवाई के तहत रिलीज की गई केंद्रीय सहायता राशि (रूपए करोड़ में)	पीएमएवाई-यू के तहत रिलीज के लिए स्वीकृत की गई केंद्रीय सहायता राशि (रूपए करोड़ में)

2014-15	206.03	25.86
2015-16	357.18	00.78
2016-17	100.49	154.43
2017-18	21.41	372.65
2018-19	शून्य	753.35

(ख): पीएमएवाई-जी के अंतर्गत केरल के सभी जिलों को कवर किया जाता है। पीएमएवाई-यू के अंतर्गत आवास की वास्तविक मांग का मूल्यांकन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कराए गए मांग के सर्वेक्षण के बाद किया जाता है।

(ग): 01 जुलाई, 2019 तक, पीएमएवाई-जी के अंतर्गत केरल के एरनाकुलम जिले में कुल 728 मकान और पीएमएवाई-यू के अंतर्गत 6,673 मकान बनाए गए हैं।

*****